❀

**SET-4**

Series : SR3PQ

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **39**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# भारत की ज्ञान परंपराएँ और पद्धतियाँ

# KNOWLEDGE TRADITIONS AND PRACTICES OF INDIA

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 70*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 70*

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **31** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **23** printed pages.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **31** questions.
- **Please write down the serial number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

KNOWLEDGE TRADITIONS AND PRACTICES OF INDIA

सामान्य निर्देश :

1. *इस प्रश्न-पत्र में **I** से **IV** तक चार भाग हैं ।*
2. **भाग I – 16** प्रश्न, प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।
3. **भाग II – 07** लघुत्तरीय प्रकार के प्रश्न, प्रत्येक प्रश्न **02** अंकों का है ।
4. **भाग III – 04** वस्तुपरक प्रकार के प्रश्न, प्रत्येक प्रश्न **05** अंकों का है ।
5. **भाग IV – 04** वस्तुपरक प्रकार के प्रश्न, प्रत्येक प्रश्न **05** अंकों का है ।
6. *प्रश्न **15** में एक आंतरिक विकल्प दिया गया है ।*

**भाग – I**

1. चित्र को ध्यान से देखिये और दिये गये प्रश्न का उत्तर दीजिए : **1**



निम्नलिखित में कौन सा विकल्प दिये गये चित्र का सबसे अच्छा वर्णन करता है ?

(A) प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय, बिहार के खंडहर का दृश्य

(B) कोयम्बतूर जिले में स्थित परम्परागत ढाँचे

(C) बंगाल के नदिया विश्वविद्यालय का दृश्य

(D) धौलावीरा में विद्वानों के आवास

2. सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प को चुनिए : **1**

हड़प्पा सभ्यता के लोग हल-आधारित कृषि करते थे : कालीबंगा (राजस्थान) में लगभग 2800 ईसा पूर्व की दो लंबवत हल से बनी लकीरें मिली हैं जो ________ दर्शाती हैं ।

(A) खेत जोतने की उन्नत तकनीक

(B) अन्तर-फसलीकरण की पद्धति

(C) अत्यधिक कार्यकुशल विधि

(D) हल बनाने की किसानों की क्षमता

## General Instructions :

1. *This question paper contains* ***four*** *sections, Section* ***I*** *to* ***IV****.*
2. ***Section I*** *has* ***16*** *questions carrying* ***01*** *mark each.*
3. ***Section II*** *has* ***07*** *short answer type questions carrying* ***02*** *marks each.*
4. ***Section III*** *has* ***04*** *descriptive type questions carrying* ***05*** *marks each.*
5. ***Section IV*** *has* ***04*** *descriptive type questions carrying* ***05*** *marks each.*
6. *One internal choice is given in Q.* ***15***

### SECTION – I

1. Study the picture carefully and answer the question that follows : **1**



Which of the following option best describes the given picture ?

(A) A view of the ruins of the ancient Nalanda University, Bihar.

(B) Traditional structures at the district of Coimbatore.

(C) A view of the University of Nadia in Bengal.

(D) Residences for scholars at Dholavira.

2. Choose the most appropriate option : **1**

The Harappans practised plough-based agriculture: at Kalibangan (Rajasthan) dated to about 2800 BCE revealed two perpendicular sets of furrows, suggesting ___________.

(A) advanced technique of ploughing the field

(B) the practice of intercropping

(C) highly efficient method

(D) Farmers capability of designing ploughs

3. कॉलम–A की मदों का कॉलम–B की मदों से मिलान कीजिए : **1**

| | **कॉलम–A** | | **कॉलम–B** |
|---|---|---|---|
| 1. | आश्रमों की तीसरी अवस्था | i. | अष्टांगिक मार्ग |
| 2. | नीति शतकम् | ii. | सिविल और आपराधिक कानून संबंधी एक लघु नियमावली |
| 3. | लघु अरहन्नीति | iii. | नीतिशास्त्र संबंधी सौ छंद |
| 4. | बौद्ध नीतिशास्त्र | iv. | वानप्रस्थ |

**विकल्प :**

| | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | i | iv | iii |
| (B) | iii | ii | iv | i |
| (C) | iv | i | ii | iii |
| (D) | iv | iii | ii | i |

4. चित्र को ध्यान से देखिये और दिये गये प्रश्न का उत्तर दीजिए : **1**



निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प इस विशिष्ट सामरिक कला (मार्शल आर्ट) 'गदका' का सबसे सटीक वर्णन करता है ?

(A) यह शत्रु का दूर से प्रतिरोध करने अथवा उस पर वार करने का प्रशिक्षण है ।

(B) मुक्केबाजी के अभ्यास में सामान्यतया एक लकड़ी की छड़ी और ढाल का प्रयोग किया जाता है और जब शरीर के महत्त्वपूर्ण बिन्दुओं का स्पर्श किया जाता है तब अंक प्राप्त होते हैं ।

(C) इस सामरिक कला के अभ्यास के लिए खतरनाक हथियारों कटार, गदा, तलवार से प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है ।

(D) इसके प्रशिक्षण में घुमावदार चालों से खंभे का घिराव करना होता है ।

3. Match the items in Column A with that of Column B. **1**

| **Column–A** | | **Column–B** | |
|---|---|---|---|
| 1. | Third stage of āśramas | i. | Eight fold path |
| 2. | Nīti Śatakam | ii. | A small manual on civil and criminal laws |
| 3. | ḶaghuArhannīti | iii. | Hundred verses on ethics |
| 4. | Buddhist Ethics | iv. | Vanaprastha |

**Options :**

| | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | i | iv | iii |
| (B) | iii | ii | iv | i |
| (C) | iv | i | ii | iii |
| (D) | iv | iii | ii | i |

4. Study the picture carefully and answer the question that follows : **1**



Which of the following options best signifies this particular martial art called 'Gadka' ?

(A) It is a training in remote resistance of or attack on an enemy.

(B) A wooden stick and a shield are usually used in the sparring match and points are scored when vital points in the body are touched.

(C) The practice of this martial art form requires training with dangerous weapons dagger, mace, sword.

(D) The training involved encircling the pillar with twisting movements.

5. हड़प्पाकाल के शिल्पियों ने मनका बनाने की कला को एक अलग स्तर पर पहुँचा दिया था । उनके अल्प-मूल्यवान पत्थर थे, _____ । **1**

(A) सूर्यकांत (जैस्पर) और सिलखड़ी (सोपस्टोन)

(B) गोमेद और सूर्यकांत

(C) सिलखड़ी और कार्नेलियन

(D) सिंथेटिक फैएन्स और गोमेद

6. इस प्रश्न में दो कथन हैं जिन्हें अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में दिखाया गया है । नीचे दिये गये कोड्स के अनुसार अपने उत्तर लिखिए : **1**

**अभिकथन (A)** : अच्छी गुणवत्ता की भूमि प्रत्येक के लिए श्रेष्ठ परिणाम देती है, पूरे परिवार को अच्छा स्वास्थ्य प्रदान करती है और धन, पशुधन और अन्न में वृद्धि करती है ।

**कारण (R)** : वे सभी बीज जिन्हें उपचारित और परिरक्षित (प्रिजर्व) किया जाता है, प्रयोग के लिए अच्छे हैं ।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, (R) सही है ।

7. इस प्रश्न में दो कथन हैं जिन्हें अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में दिखाया गया है । नीचे दिये गये कोड्स के अनुसार अपने उत्तर लिखिए : **1**

**अभिकथन (A)** : शौनक ने पूछा : पूज्य गुरु जी, वह क्या है जिसे जानने से इन सब का ज्ञान हो जाता है ?

**कारण (R)** : सत्य की मात्र बौद्धिक समझ, तार्किक दृढ़ विश्वास ही पर्याप्त है ।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, (R) सही है ।

KNOWLEDGE TRADITIONS AND PRACTICES OF INDIA

5. Harappan craftsmen took bead-making to a different level. Their favourite semiprecious stones were, ________. 1

(A) jasper and soapstone

(B) agate and jasper

(C) soapstone and carnelian

(D) synthetic faience and agate

6. There are two statements marked as Assertion (A) and Reason (R). Write your answer as per the codes provided below : 1

**Assertion (A) :** A good quality land yields good results to everyone, confers good health on the entire family, and causes growth of money, cattle and grain.

**Reason (R) :** Seeds which are treated and preserved are all good for use.

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, (R) is false.

(D) (A) is false, (R) is true.

7. There are two statements marked as Assertion (A) and Reason (R). Write your answer as per the codes provided below : 1

**Assertion (A)** : Saunaka asked: Revered sir, what is that by the knowing of which all this becomes known ?

**Reason (R) :** A mere intellectual apprehension of truth, a reasoned conviction, is sufficient.

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, (R) is false.

(D) (A) is false, (R) is true.

8. कुरुन्थाडी लगभग दो बालिश्त लंबी छोटी बाँस की छड़ियों से खेला जाता है । कुरुन्थाडी ढोल और संगीत की थाप की संगति में खेला जाता है और प्रत्येक थाप मानव शरीर के महत्त्वपूर्ण अंगों पर लक्षित होती है । यह एक कला है जो शारीरिक द्वन्द में प्रशिक्षण देती है । **1**

**अभिकथन (A) :** यह एक कला है जो ढोल और संगीत की संगति में खेला जाता है ।

**कारण (R) :** इस कला विद्या की प्रत्येक थाप संपूर्ण शरीर पर लक्षित नहीं होती है ।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, (R) सही है ।

9. इस प्रश्न में दो कथन हैं जिन्हें अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में दिखाया गया है । नीचे दिये गये कोड्स के अनुसार अपने उत्तर लिखिए : **1**

**अभिकथन (A) :** अर्थशास्त्र में उस रसद (राशन) का विस्तृत विवरण दिया गया है जो बैल, गाय या भैंस को दी जानी चाहिए ।

**कारण (R) :** गाँवों से दूर चारागाहों के रख-रखाव को प्रोत्साहन दिया गया था ।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, (R) सही है ।

10. इस प्रश्न में दो कथन हैं जिन्हें अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में दिखाया गया है । नीचे दिये गये कोड्स के अनुसार अपने उत्तर लिखिए : **1**

**अभिकथन (A) :** प्राचीन भारत में, शिष्यों को उनका जीवन-यापन धर्म के अनुरूप करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता था ।

**कारण (R) :** विद्यार्थी और शिक्षक में एक सहजीवी संबंध था ।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, (R) सही है ।

KNOWLEDGE OF TRADITIONS AND PRACTICES OF INDIA

8. Kuruntadi is played with short bamboo sticks roughly of two-palm length. Kuruntadi is performed to the accompaniment of drums and music and each stroke is aimed vital spots of the human body. It is an art that gives training in physical combat. **1**

**Assertion (A) :** It is an art that is performed to the accompaniment of drums and music.

**Reason (R)** : Each stroke of this art form is not aimed at the whole body.

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, (R) is false.

(D) (A) is false, (R) is true.

9. There are two statements marked as Assertion (A) and Reason (R). Write your answer as per the codes provided below : **1**

**Assertion (A)** : The Arthashastra gives an elaborate description of the rations that a bull, cow or buffalo should be supplied with.

**Reason (R)** : Maintenance of pastures far from villages was encouraged.

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, (R) is false.

(D) (A) is false, (R) is true.

10. There are two statements marked as Assertion (A) and Reason (R). Write your answer as per the codes provided below : **1**

**Assertion (A) :** In ancient India, pupils were trained to guide their life in consonance with dharma.

**Reason (R) :** The student and the teacher had a symbiotic relationship.

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, (R) is false.

(D) (A) is false, (R) is true.

KNOWLEDGE TRADITIONS AND PRACTICES OF INDIA

11. इस प्रश्न में दो कथन हैं जिन्हें अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में दिखाया गया है । नीचे दिये गये कोड्स के अनुसार अपने उत्तर लिखिए : **1**

**अभिकथन (A) :** मनुष्य केवल अपने धर्मपरायण कर्त्तव्यों अथवा धर्म का निर्वहन करके ही परम पुरुषार्थ का सर्वोत्तम मार्ग प्राप्त करने की आशा कर सकता है ।

**कारण (R) :** यह केवल धर्म ही है जो समृद्धि और परम आध्यात्मिक पुरुषार्थ प्रदान करता है ।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, (R) सही है ।

12. गोनितका को दो प्रकारों में विभाजित किया गया है, बृहत् और लघु । यह परम्परागत पत्थर का छल्ला (स्टोन रिंग) दो प्रकार का होता है । इसे उठाने, झुलाने, सिर पर रखने आदि की आवश्यकता होती है । यह बृहत् गोनितका जंघा, गर्दन और सम्पूर्ण शरीर का विकास करने में उपयोगी है । **1**

**अभिकथन (A) :** बृहत् गोनितका जंघा, गर्दन और सम्पूर्ण शरीर का विकास करने में उपयोगी है ।

**कारण (R) :** गोनितका एक प्रकार का व्यायाम है जो पत्थर के छल्लों से किया जाता है ।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, (R) सही है ।

13. इस प्रश्न में दो कथन हैं जिन्हें अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में दिखाया गया है । नीचे दिये गये कोड्स के अनुसार अपने उत्तर लिखिए : **1**

**अभिकथन (A) :** धौलावीरा में केवल पक्की या कच्ची ईंटे ही प्रयोग में आने वाली निर्माण सामग्री थी ।

**कारण (R) :** कच्छ के रण में, पत्थर भी बड़े पैमाने पर उपयोग में लाया जाता था ।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, (R) सही है ।

KNOWLEDGE TRADITIONS AND PRACTICES OF INDIA

11. There are two statements marked as Assertion (A) and Reason (R). Write your answer as per the codes provided below : **1**

**Assertion (A) :** It is only by performing one's righteous duties or dharma that one can hope to attain the supreme path to the highest good.

**Reason (R) :** It is dharma alone that gives both prosperity and the supreme spiritual good.

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, (R) is false.

(D) (A) is false, (R) is true.

12. Gonitaka is divided in two varieties, the large and the small. This traditional stone ring occurs in two varieties. It requires to be lifted, swung, put on head etc. This large Gonitaka is useful in developing thigh, neck and the whole body. **1**

**Assertion (A) :** The large Gonitaka is useful in developing thigh, neck and the whole body.

**Reason (R)** : Gonitaka is a type of exercise done with stone rings.

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, (R) is false.

(D) (A) is false, (R) is true.

13. There are two statements marked as Assertion (A) and Reason (R). Write your answer as per the codes provided below : **1**

**Assertion (A)** : At Dholavira, baked or mud bricks were the only building material used.

**Reason (R)** : In the Rann of Kachchh, stone was also used on a huge scale.

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, (R) is false.

(D) (A) is false, (R) is true.

KNOWLEDGE TRADITIONS AND PRACTICES OF INDIA

14. मुंडक उपनिषद में दो प्रकार की विद्या के बारे में बताया गया है, वे हैं परा विद्या और अपरा विद्या । शिक्षक को परा विद्या जो ब्रह्म विद्या है, किसे प्रदान करनी चाहिए ? **1**

(A) जो ठीक वैसा करे जैसा शिक्षक कहे ।

(B) जो स्थिर हो और अनुशासन के सिद्धान्तों का पालन करता हो ।

(C) जो वेदों, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद में निपुण हो ।

(D) जिसका चित्त पूरी तरह शांत हो और जिसकी इन्द्रियाँ वश में हो ।

15. (a) नीचे दिये गये चित्र और पाठ्य विवरण का ध्यान से अध्ययन कीजिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए । **1**
सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए ।

[redacted]

**पाठ्य सामग्री :**

कुएँ अनेक आकृतियों – वृत्ताकार, वर्गाकार, ऊर्ध्वाधर या क्षैतिज – और आकारों में तथा ईंट, पत्थर या टेराकोटा छल्लों से बनाए गए हैं । धौलावीरा की साधारण बावड़ियों से लेकर पुरातन काल के कुओं तक, विशेषकर गुजरात और राजस्थान में, इनका एक लम्बा इतिहास रहा है, जो न केवल इंजीनियरिंग का चमत्कार हैं वरन् कलाकृतियाँ हैं ।

हम यह अनुमान कर सकते हैं कि गुजरात और राजस्थान में कुएँ –

(i) वांछित आकृतियों में बनाए गए थे ।

(ii) इंजीनियरिंग के चमत्कार थे ।

(iii) केवल ईंटों से बनाए गए थे ।

(iv) उनके बेहतर वास्तुशिल्पीय डिज़ाइन थे ।

**विकल्प :**

(A) (i) और (iv)  (B) (i) और (ii)

(C) (i) और (iii)  (D) (ii) और (iv)

**अथवा**

KNOWLEDGE TRADITIONS & PRACTICES OF INDIA

14. The Muṇḍaka Upaniṣad talks about two kinds of knowledge. They are the higher knowledge and the lower knowledge. To whom should the teacher impart higher knowledge, the knowledge of Brahman ? **1**

(A) Who would work exactly as the teacher says.

(B) Who is stable and can follow guidelines of the discipline.

(C) Who is a master in Vedas, the Yajurveda, the Sāmaveda, and the Atharvaveda.

(D) Whose mind is completely serene and whose senses are controlled.

15. (a) Study the following picture and the textual description given below carefully and answer the question. Choose the most appropriate option. **1**

[redacted]

**Text material :**

Wells have been made in many shapes - circular, square, vertical or horizontal – and sizes, and with bricks, stone or terracotta rings. There is a long way from Dholavira's modest step well to those of classical times, especially in Gujarat and Rajasthan, which are not only engineering marvels but works of art.

We can infer that, wells in Gujarat and Rajasthan

(i) were made in desired shapes.

(ii) were engineering marvels.

(iii) were made of bricks only.

(iv) had better architectural designs.

**Options :**

(A) (i) and (iv) (B) (i) and (ii)

(C) (i) and (iii) (D) (ii) and (iv)

**OR**

KNOWLEDGE TRADITIONS AND PRACTICES OF INDIA

(b) नीचे दिये गये पाठ का ध्यान से अध्ययन कीजिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए । सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनिये । **1**

**पाठ्य सामग्री :**

महाभारत में जलाशयों की खुदाई को कुओं की खुदाई से कहीं अधिक महत्त्वपूर्ण माना गया है । वास्तव में तालाब जल को धरती में पुनर्संचित करता है जबकि कुआँ इससे जल खींचता है । सिंचाई सुविधाओं का निर्माण करने अथवा उनमें सुधार करने के लिए, जल दरों के भुगतान से छूट प्रदान की जानी चाहिए । जल-कल (वॉटर वर्क्स) जैसे कि जलाशय, तटबंध और तालाबो ंका निजी स्वामित्व हो सकता है और स्वामी उन्हें बेचने अथवा बंधक पर रखने के लिए स्वतंत्र होना चाहिए । तालाबों का स्वामित्व समाप्त हो जायेगा, यदि संकट की स्थितियों को छोड़कर, उन्हें पाँच वर्ष की अवधि में उपयोग में नहीं लाया गया है ।

हम यह अनुमान लगा सकते हैं कि :

(i) कुछ परिस्थितियों में तालाबों का स्वामित्व समाप्त हो सकता है ।

(ii) कुछ जल-कल का निजी स्वामित्व हो सकता है ।

(iii) जल प्रबंधन कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न करने पर दंडित किया जाता था ।

(iv) कुएँ खोदना अधिक अच्छा है ।

**विकल्प :**

(A) (i) और (iv) (B) (i) और (ii)

(C) (iii) और (iv) (D) (i) और (iii)

16. निम्नलिखित में क्या बौद्ध नीतिशास्त्र की विशेषता नहीं है ? **1**

(A) यह मानवता के कष्ट निवारण में विश्वास करता है ।

(B) इसका विश्वास है कि प्रार्थनाओं और धार्मिक अनुष्ठानों से मानवता के कष्टों का पूर्णत: निवारण हो जाएगा ।

(C) नीतिगत मूल्य बुद्ध के जीवन और उपदेशों पर आधारित हैं ।

(D) यह विश्वास करता है कि कष्ट दूर करने का उपाय है ।

KNOWLEDGE TRADITIONS AND PRACTICES OF INDIA

(b) Study the text given below carefully and answer the question. Choose the most appropriate option. **1**

**Text Material :**

The Mahābharata views the digging of water reservoirs as far more important than that of wells. Indeed, a tank restores water to the earth, while a well draws from it. For building or improving irrigation facilities, the exemptions from payment of water rates shall be granted. Waterworks such as reservoirs, embankments and tanks can be privately owned and the owner shall be free to sell or mortgage them. The ownership of tanks shall lapse, if they had not been in use for a period of five years, except in cases of distress.

We can infer that :

(i) under certain circumstances ownership of tanks can lapse.

(ii) some waterworks can be privately owned.

(iii) causing any kind of obstruction in water management work was penalized.

(iv) it is better to dig wells.

**Options :**

(A) (i) and (iv) (B) (i) and (ii)

(C) (iii) and (iv) (D) (i) and (iii)

16. Which of the following is not a feature of Buddhist Ethics ? **1**

(A) It believes in alleviating the suffering of humanity.

(B) It believes that prayers and rituals will completely remove the suffering of humanity.

(C) The ethical values are based on the life and teachings of the Buddha.

(D) It believes that there is way to remove suffering.

KNOWLEDGE TRADITIONS AND PRACTICES OF INDIA

## भाग – II

17. भारत के प्रत्येक धार्मिक और प्रत्येक दार्शनिक पद्धति में एक प्रमुख नीतिगत घटक रहा है । जैन धर्म में नीतिगत घटक पर प्रकाश डालते हुए इस कथन पर टिप्पणी कीजिए । **2**

18. 'अर्थशास्त्र' के अनुसार 'पशु अधीक्षक' के क्या कार्य थे ? **2**

19. सबसे साधारण परंतु शायद सबसे महत्त्वपूर्ण जल संरचना ग्राम तालाब या जलाशय थे । इसे महत्त्वपूर्ण बनाने में न केवल भूमिगत जल को पुन:संचित करने की इसकी क्षमता की भूमिका थी, अपितु यह आस-पास के अनेक तालाबों से भी जुड़े रहते थे – कभी-कभार, जैसा कि कर्नाटक और तमिलनाडु में होता था, इनका नेटवर्क सैकड़ों किलोमीटर तक फैला होता था । इन नेटवर्कों जिनसे भरपूर जल वाले क्षेत्रों से कम जल वाले क्षेत्रों में जल पहुँचाया जा सकता था, का रख-रखाव ग्राम समितियों द्वारा किया जाता था ।

    इस कथन पर टिप्पणी कीजिए और वर्तमान समय में जल के संरक्षण के दो उदाहरण/पद्धतियाँ बताइए । **2**

20. "प्रशिक्षण के बाद, कलारी विशेषज्ञ भी चिकित्सक बन जाता है ।" इस कथन का विश्लेषण कीजिए । **2**

21. "नीतिशास्त्र का सच्चा ज्ञान तभी प्राप्त होगा यदि कोई मनुष्य इन नैतिक मूल्यों का पालन करता है और आत्मसात करता है ।" इस कथन का विश्लेषण कीजिए । **2**

22. गुरु-शिष्य परम्परा के किन्हीं दो पहलुओं पर प्रकाश डालिए जिन्हें यदि वर्तमान शिक्षा प्रणाली में शामिल किया जाए तो उनका सार्थक प्रभाव होगा । **2**

23. यदि आपको कोई एक भारतीय पारम्परिक सामरिक कला अपने विद्यालय में आरंभ करनी हो तो वह क्या होगी और क्यों ? **2**

KNOWLEDGE TRADITIONS AND PRACTICES OF INDIA

## SECTION – II

17. Every religious and every philosophical system of India has a prominent ethical component. Comment on the statement highlighting the ethical component in Jainism. **2**

18. What were the duties of 'superintendent of cattle' according to Arthaśāstra ? **2**

19. The humblest but perhaps most important water structure was the village pond or reservoir. What made it important was its ability to recharge ground water, but also its being connected to many neighbouring ponds — sometimes in networks extending over hundreds of kilometres, as in Karnataka and Tamil Nadu. Such networks, which enabled water-rich areas to contribute to less favoured ones, were maintained by village committees.

    Comment on the statement and provide two examples/methods of conservation of water in present day. **2**

20. "After the training, the kaḷari expert also becomes a healer." Analyse the statement. **2**

21. "A true knowledge of ethics would be attained if one practices and imbibes these moral values." Analyse the statement. **2**

22. Highlight any two aspects of guru-śiṣyaparamparā that will have a meaningful impact, if incorporated in present day education system. **2**

23. If you were to introduce any one Indian traditional martial art form in your school, which one would that be and why ? **2**

KNOWLEDGE TRADITIONS AND PRACTICES OF INDIA

## भाग – III

24. भारतीयों द्वारा पहनी जाने वाली पोशाक सूत की बनी हुई होती है जैसा कि निअरचस ने बताया है; परन्तु यह सूत या तो अन्यत्र पाए जाने वाले किसी सूत की अपेक्षा अधिक चमकदार सफेद रंग का है अथवा भारतीय रंग-रूप के सांवलेपन के कारण उनका परिधान इतना अधिक सफेद दिखाई देता है । आमतौर पर उनकी सादगी के विपरीत, (भारतीय) स्वयं को संवारना पसंद करते हैं, क्योंकि वे स्वर्ण-जड़ित परिधान पहनते हैं और कीमती पत्थरों से जड़े आभूषणों का प्रयोग करते हैं और भड़कीले रंग के लिनन परिधान पहनते हैं और धूप का चश्मा लगाते हैं । क्योंकि वे सुन्दरता का सम्मान करते हैं; अत: वे वह सब करते हैं जिससे उनके रूप-रंग में सुन्दरता आ सके । **5**

इस पाठ्य-सामग्री के आधार पर हम पहनावे की पारम्परिक शैली के बारे में क्या निष्कर्ष निकाल सकते हैं ? आज की पहनावे की शैली और वस्त्र-पोषाक सामग्री से तुलना करें ।

25. (i) शिक्षा की भारतीय अवधारणा विद्यार्थियों को जीवन के सुख-दु:ख का सामना करने के लिए तैयार करने की थी । अपने विद्यार्थी जीवन के दृष्टिगत इस पर टिप्पणी कीजिए । **2**

(ii) बृहदारण्यक उपनिषद् में हमें बताया गया है कि ज्ञान के मार्ग में तीन अवस्थाएँ शामिल होती हैं । किन्हीं दो अवस्थाओं का उल्लेख कीजिए और इसकी तुलना अपनी शिक्षा-प्राप्ति की प्रक्रिया से कीजिए । **2**

(iii) शिक्षक के साथ रहने वाले विद्यार्थी आत्म-नियंत्रण, संयम, आज्ञापालन और निष्ठा का जीवन जीते थे और अपने जीवन को यम (आत्म-संयम्) और नियम (आचार संबंधी पाँच नियम) का अनुपालन करते हुए संयमित करते थे । किसी एक नियम का उल्लेख करते हुए उसका आपके जीवन में क्या महत्त्व है, यह भी लिखें । **1**

26. (i) मित्र जो सहायक हो, **3**

मित्र जो सुख-दु:ख का साथी हो,

मित्र जो अच्छा परामर्श दे,

मित्र जो सहानुभूति दे – बुद्धिमान व्यक्ति

को इन्हें अपने चार सच्चे मित्र मानना चाहिए,

और स्वयं को उनके प्रति निष्ठावान बनाना चाहिए ।

आप उपरोक्त पाठ से कहाँ तक सहमत हैं ? अपने जीवन के उन अनुभवों का वर्णन करें जहाँ आपने स्वयं इन मूल्यों का प्रदर्शन किया है ।


KNOWLEDGE TRADITIONS AND PRACTICES OF INDIA

## SECTION – III

24. The dress worn by the Indians is made of cotton, as Nearchus tells us. But this cotton is either of a brighter white colour than any cotton found elsewhere, or the darkness of the Indian complexion makes their apparel look so much the whiter. Contrary to their simplicity in general, [Indians] like to adorn themselves, for they wear apparel embroidered with gold and use ornaments set with precious stones, and wear gay-coloured linen garments, and are accompanied with sun-shades. For, since they esteem beauty, they practise everything that can beautify their appearance.

    Based on this textual material - what can we infer about traditional style of dressing ? Draw a comparison with today's style of dressing and textile material. **5**

25. (i) The Indian concept of education was to prepare students to face the vicissitudes of life. Comment in view of your student life. **2**

    (ii) In the Bṛhadāranyaka Upaniṣad, we are told that the path to knowledge consists of three stages. Mention any two stages and compare it with your process of learning. **2**

    (iii) Students living with the teacher led a life of self-control, abstinence, obedience and devotion and regulated their lives by adhering to yama (self-restraint) and niyama (five observances). Mention any one niyamas and its importance in your life. **1**

26. (i) The friend who is a helper, **3**

    The friend in weal and woe,

    The friend who gives good counsel,

    The friend who sympathizes — these the wise man should know

    As his four true friends,

    And should devote himself to them.

    How far do you agree with the above given text ? Reflect on your life experiences where you have exhibited these values.

KNOWLEDGE TRADITIONS AND PRACTICES OF INDIA

(ii) निम्नलिखित पाठ से क्या संदेश निकलता है ?

"पाप के कमाए धन का संचय करना कच्ची
मिट्टी में जल का भंडारण करने के समान है ।" **2**

27. **पाठ्य उद्धरण** :

भारत में विविध सामरिक कलाओं की एक प्राचीन परम्परा है । भारत के प्रत्येक भाग में एक या अन्य स्वरूप की सामरिक कला का विकास हुआ है ।

इस कथन का विश्लेषण कीजिए और भारत के दक्षिणी भाग से एक उदाहरण दीजिए । **5**

## भाग – IV

28. (i) आधुनिक समय/आज की तुलना में प्राचीन भारत में परीक्षा प्रणाली किस तरह भिन्न थी ? **3**

(ii) "शिक्षार्थियों को पुरुषार्थ चतुष्ट्य (जीवन के चार लक्ष्य) की प्राप्ति के लिए अग्रसर रहकर विकसित होना सिखाया जाता था ।" इस पर टिप्पणी कीजिए । **2**

29. श्रीमद्भगवद्गीता के अनुसार 'धर्म' अर्थात् अपने धर्मपरायण कर्त्तव्यों का पालन करते हुए और निष्काम कर्म करते हुए जीवन के उच्चतम लक्ष्यों को प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त होता है । परम पुरुषार्थ प्राप्ति के लिए आपका मार्ग क्या होगा ?

समसामयिक भारत के परिप्रेक्ष्य में टिप्पणी कीजिए । **5**

30. कुश्ती के अतिरिक्त अन्य व्यायाम थे जिनकी अनुशंसा सामरिक कला में निपुणता प्राप्त करने की तैयारी के रूप में शारीरिक शक्ति बढ़ाने के उद्देश्य से की जाती थी । ज्येष्ठीमल्ला की कुश्ती परंपराओं के आपके अध्ययन के आधार पर किन्हीं तीन श्रमों या व्यायाम के लाभ बताइए और समान लाभ वाले तीन आधुनिक समय के व्यायामों का उल्लेख कीजिए । **5**

KNOWLEDGE TRADITIONS AND PRACTICES OF INDIA

(ii) What message do you infer from the text below ?

"To stock ill-got wealth is to store
Water in unburnt clay." **2**

27. **Text Extract :**

India has an ancient tradition in diverse martial arts. Every part of India has evolved one or the other form of martial art.

Analyse the statement and provide an example from the southern part of India. **5**

## SECTION – IV

28. (i) How different was the examination system in ancient India as compared to modern times / today ? **3**

(ii) "Learners were taught to grow by pursuing the realisation of puruśārtha catuṣṭaya (four ends of life)." Comment. **2**

29. As per Bhagwad Gita 'Dharma' the concept of performing one's righteous duties and selfless actions lead to attain highest goals of life. What would be your path to attain the highest good ?

Comment in the wake of contemporary India. **5**

30. Apart from wrestling there were other exercises that were recommended in order to increase physical strength as a preparation to the mastering of martial arts. Based on your study of the wrestling traditions of the Jyeṣṭhīmallas, provide benefits of any three śramas or exercises and mention three modern day exercises with similar benefits. **5**

KNOWLEDGE TRADITIONS AND PRACTICES OF INDIA

31. **पाठ्य सामग्री :**

तीसरी सहस्राब्दि ईसा पूर्व में, कच्छ के रण में धौलावीरा केवल बृहद् जलाशयों और बड़े पैमाने पर जल-संचयन के चलते शुष्क जलवायु में अपने आपको बनाए रख सका । गंगा के मैदान में, तटबंध, जलाशय, नाली, नहर, परस्पर जुड़े तालाब, विभिन्न प्रकार के कुएँ पहली सहस्राब्दि ईसा पूर्व की सामान्य विशेषताएँ थीं; कौटिल्य ने अपने अर्थशास्त्र में उनमें से अनेक का उल्लेख किया और जल संरचनाओं के प्रबन्ध के लिए सख्त नियम निर्धारित किए । समृद्ध भारतीय शब्दावली में उन्हें – कुल्ल, कुंड, आहर, पोखर, खादिन, अरकेरे, कोला, सुरंगम, तडागम् आदि नाम दिए गए ।

(i) इस पाठ्य सामग्री के आधार पर – प्राचीन जल-प्रबंधन पद्धतियों के बारे में, हम क्या निष्कर्ष निकाल सकते हैं ? **3**

**पाठ्य सामग्री :**

भारत एक कृषि पर आधारित अर्थव्यवस्था और सभ्यता वाला देश रहा है और इसमें दीर्घ, समृद्ध और विविध परम्परा की कृषि पद्धतियाँ विकसित हुई हैं । प्रत्येक देश की तरह भारत में कृषि लोक-संस्कृति का एक अभिन्न अंग रही है और इसने वार्षिक मेलों, पशु मलों, त्योहारों और धार्मिक अनुष्ठानों को जन्म दिया जो सभी समारोहों के आयोजन का अवसर प्रदान करते थे । इस उद्देश्य के लिए भारत के लगभग सभी भागों में अपनी-अपनी तिथियाँ और रीति-रिवाज थे ।

(ii) ऊपर दिए गए पाठ के आधार पर – भारतीय समुदायों में कृषि की भूमिका का मूल्यांकन करें । **2**

---

KNOWLEDGE TRADITIONS AND PRACTICES OF INDIA

31. **Text material :**

In the 3rd millennium BCE, Dholavira in the Rann of Kachchh could sustain itself in an arid climate only thanks to vast reservoirs and water harvesting on a massive scale. In the Ganges plains, embankments, reservoirs, sluices, channels, interconnected tanks, wells of various kinds became common features in the 1st millennium BCE; in his Arthaśāstra, Kautilya referred to many of them and lay down strict rules for the management of water structures. The rich Indian vocabulary attached to them — kulls, kunds, ahars, pokhars, khadins, arakere, kolas, surangam, tadagams, eris.

(i) Based on this textual material - what can we infer about the ancient water management practices ? **3**

**Text material :**

India has been an agricultural economy and civilization and has evolved a long, rich and diverse tradition of agricultural practices. In India as in every country, agriculture was an integral part of popular culture and gave rise to annual fairs, cattle melas, festivals and rituals, all of which were occasions for celebration. Almost every part of India had its own dates and customs for the purpose.

(ii) Based on the text given above - evaluate the role of agriculture in Indian communities. **2**

KNOWLEDGE TRADITIONS AND PRACTICES OF INDIA

KNOWLEDGE TRADITIONS AND PRACTICES OF INDIA